# देश का ग्रोथ इंजन बनने की क्षमता का प्रमाण हैं यूपी के एक्सप्रेस-वे : सीएम

## कोरोना काल के बावजूद 36 माह में तैयार हुआ एक्सप्रेस-वे, यह पूर्वी उप्र के नौ जिलों के साथ ही बिहार के लिए भी महत्वपूर्ण

**सुल्तानपुर।** पीएम के कार्यक्रम के पहले पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करने सोमवार को पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक्सप्रेस-वे यूपी में भारत का ग्रोथ इंजन बनने का प्रमाण हैं। एक्सप्रेस-वे इसका भी प्रमाण है कि डबल इंजन की सरकार कैसे कार्य करती है। उन्होंने कहा कि यह पूर्वी उप्र के नौ जिलों के साथ ही बिहार के लिए भी महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम स्थल पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगलवार को प्रधानमंत्री पूर्वी उत्तर प्रदेश के बैकबोन कहे जाने वाले एक्सप्रेस-वे को एक बजे राष्ट्र को समर्पित करेंगे। उन्होंने फिर दोहराया कि प्रधानमंत्री ने जुलाई वर्ष 2018 में एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास किया था। 19 माह के कोराना काल खंड के बाद भी 341 किमी लंबा एक्सप्रेस-वे 36 माह में बनकर तैयार हुआ है। एक्सप्रेस-वे पूर्वी उप्र के करीब आठ करोड़ जनमानस के विकास व उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से पूर्वी उप्र को एक्सप्रेस-वे जोड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की रुचि पूर्वी उप्र के विकास के प्रति रही। एक्सप्रेस-वे बनने से यह सही साबित हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया। उद्घाटन के समय एयर शो भी होगा। संवाद



सुल्तानपुर के अरवलकीरी करवत में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। संवाद



सुल्तानपुर में रोशनी से नहाया पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे।

### एयर स्ट्रिप के किनारे बनाए गए कैंप

सोमवार को प्रधानमंत्री के एयर शो कार्यक्रम को देखते हुए अरवलकीरी करवत की हवाई पट्टी के किनारे कैंप बनाए गए हैं। इसमें एक पीएमओ कैंप प्रधानमंत्री के लिए तैयार किया गया है। इसमें कक्ष भी बनाए गए हैं। पीएम इस कैंप में रुककर एयर शो देखेंगे। इसके अलावा वायुसेना व यूपीडा का एक कैंप बनाया गया है।

# पीएम मोदी के कार्यक्रम स्थल की किलेबंदी

### 10 एसपी समेत पुलिस व सेना के पांच हजार जवान तैनात

### एसपीजी ने अपने कब्जे में लिया कार्यक्रम स्थल

**सुल्तानपुर।** उद्घाटन कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के कार्यक्रम स्थल पर किलेबंदी कर दी है। पीएम की सुरक्षा में 10 एसपी, अन्य अधिकारियों समेत पुलिस व सेना के पांच हजार जवान तैनात किए गए हैं। एसपीजी ने कार्यक्रम स्थल को अपने कब्जे में ले लिया है। सुरक्षा में संयंत्र भी लगाए गए हैं।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन में मंगलवार को कूरेभार के अरवलकीरी करवत पहुंच रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा के लिए तैयार ब्लू प्रिंट के हिसाब से सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। पीएम की सुरक्षा के लिए पांच लेयर तैयार की गई है। इसके तहत एसपीजी, सीएपीएफ, आरएएफ, पीएसी व पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। इसमें दस कंपनी पीएसी, दो कंपनी आरएएफ, तीन कंपनी सीएपीएफ लगाई गई है। पुलिस के 10 पुलिस अधीक्षक, 10 अपर पुलिस अधीक्षक, 30 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 90 निरीक्षक, 150 उपनिरीक्षक, 13 थानेदार, 1500 महिला व पुरुष पुलिस तैनात की गई है। इसके अलावा वायुसेना भी सुरक्षा में लगी है। एसपीजी की टीम ने एयर स्ट्रिप व पीएम के जनसभा स्थल को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन कुमार मिश्र ने सुरक्षा व्यवस्था के पूरे बंदोबस्त का दावा किया है। कहा कि कार्यक्रम स्थल को जाने वाले प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग करके पुलिस टीम लगाकर छानबीन कर रही है। संवाद

### 2000 बसें लाएंगी भीड़

प्रधानमंत्री की जनसभा व एयर शो के लिए भीड़ जुटाने के लिए लगाई गई परिवहन निगम की बसें निर्धारित स्थलों पर पहुंच गई हैं। निगम की ओर से मिलीं दो हजार बसों में शासन के निर्देश पर 400 बसों को बस्ती व अंबेडकर नगर से भीड़ लाने के लिए भेजा गया है। दो सौ बसों को अयोध्या जनपद के लिए भेजा गया है। जिले के लिए निगम की 1400 बसों को लगाया गया है।

# आबादी के अनुपात में बैंक और एटीएम स्थापित किए जाएं : योगी

### मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने रखे प्रस्ताव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से यूपी में आबादी के अनुपात में बैंकों और एटीएम स्थापित करने का आवश्यकता जताई है। वह वित्त मंत्री के साथ वर्चुअल संवाद कर रहे थे। इसमें देश के अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी जुड़े थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएलआई योजना में केंद्र सरकार ने न्यूनतम निवेश की सीमा 100 करोड़ रुपये रखने की व्यवस्था की है। इससे यूपी की वस्त्रोद्योग इकाइयां योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित हो गई हैं। उन्होंने पूर्वी यूपी के वाराणसी, गोरखपुर, मऊ, आजमगढ़ और संतकबीरनगर में रेडीमेड गारमेंट्स उद्योग को पीएलआई योजना में छूट प्रदान करने का आग्रह

### शादी के नाम पर कभी रिश्तेदार घबराते थे, अब मंत्री बांट रहे कार्ड

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीब कन्याओं के विवाह के लिए सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सरकार की प्रतिबद्धता बताया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब गरीब की बेटियों की शादी में होने वाले खर्च के डर से रिश्तेदार-नातेदार भी घबराते थे। किसी सरकार ने भी इस पर गौर नहीं किया, लेकिन अब गरीब कन्याओं की शादी के कार्ड प्रदेश के मंत्री, विधायक और अधिकारी बांट रहे हैं। पूरा समाज गरीब बेटियों की शादी में उत्साह के साथ सामूहिक विवाह के कार्यक्रमों में शिरकत करता है।

मुख्यमंत्री ने यह बातें सोमवार को यहां से गाजियाबाद के नेहरू पार्क में श्रम विभाग की ओर से आयोजित गाजियाबाद, हापुड़ एवं बुलंदशहर के 2306 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह में वर्चुअल आशीर्वाद देने के बाद

# कच्चा माल तैयार करने वाली कंपनियों को मिलेगी राहत

### 12 जिलों में स्थापित हो सकेंगे निजी क्षेत्र के फार्मास्यूटिकल पार्क

**लखनऊ।** प्रदेश में फार्मास्युटिकल उद्योग नीति के तहत कच्चा माल तैयार करने वाली कंपनियों को कई तरह की राहत दी जाएगी। लखनऊ सहित 12 जिलों में निजी क्षेत्र के फार्मास्यूटिकल पार्क विकसित किए जाएंगे। इस संबंध में सोमवार को संशोधित नीति जारी की गई है।

उत्तर प्रदेश फार्मास्यूटिकल उद्योग नीति में अब फार्मास्यूटिकल पार्क की स्थापना में कई नई नियमावली जोड़ी गई है। खासतौर से दवाओं में प्रयोग होने वाले कच्चे माल की जांच और उसकी गुणवत्ता पर फोकस किया गया है। पार्क में एलोपैथी के साथ आयुर्वेदिक और मेडिकल डिवाइस के लिए भी बड़ी मात्रा में सामग्री उपलब्ध कराई जा सकेगी। इसके तहत प्रदेश में गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी, गोरखपुर, वाराणसी. प्रयागराज, ललितपुर, पीलीभीत और आजमगढ़ में भी निजी क्षेत्र के फार्मा पार्क स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए शासन जमीन उपलब्ध कराएगा। कोल्ड स्टोर और कॉमन फैसिलिटी सेंटर भी विकसित किए जाएंगे। निजी सेंटर में पावर स्टेशन के साथ ही ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाएंगे। ब्यूरो